*No. of pages - 7* **(E)**

# PRE-BOARD EXAMINATION 2019-20
## CLASS : X
## SUBJECT: HINDI 'A'

**Time Allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

<u>*सामान्य-निर्देश:*</u>

1. *इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।*
2. *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
3. *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
4. *एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।*
5. *दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।*
6. *तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।*

****************

### खण्ड-क

### (अपठित-अंश)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 10

सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने की प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है तब जिस सुख को वह अनुभव करता है वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही 'उत्साह' कहलाता है। उदाहरण के लिए दान देने वाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन



WWW.TAYARIONLINE.COM
Scanned with CamScanner

त्याग का साहस। यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा। उत्साह, आनंद और साहस का मिला-जुला रूप है। उत्साह में किसी न किसी वस्तु पर ध्यान अवश्य केन्द्रित होता है। वह चाहे धर्म पर, चाहे कर्म के फल पर चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो। इन्हीं के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है। कर्म भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है। सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद को अनुभव करता है सच्चा वीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है। 'आलस्य' उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु है। जो व्यक्ति आलस्य से भरा होगा उसमें कार्य करने के प्रति उत्साह कभी उत्पन्न नहीं हो सकता। उत्साही व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है। उत्साही व्यक्ति सदा दृढ़-निश्चयी होता है। यही कारण है कि एक विद्यार्थी को सदैव उत्साही होना चाहिए क्योंकि उत्साही होने पर वह अपने अपेक्षित दायित्व का दृढ़-निश्चय से निर्वहन करेंगे और जब दायित्व का निर्वाह करेंगे तो सफलता उनके कदम चूमेगी और उन्हें आनंद की अनुभूति होगी।

क. कौन सा सुख विशेष प्रेरणा देने वाला होता है? 2

ख. गद्यांश में 'उत्साह' किसे कहा गया है? 2

ग. उत्साह से किया गया दान किसे कहते हैं? 2

घ. एक विद्यार्थी को सदैव उत्साही होना चाहिए। क्यों? 2

ङ उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु किसे कहा गया है? 1

च. सच्चा उत्साह किसे कहा गया है? 1

## खण्ड-ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र.2 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - 1×4=4

क. वह पुस्तक खरीदने के लिए बाजार गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)



Scanned with CamScanner

ख. आपने कठिन परिश्रम किया और सफल हुए। (सरल वाक्य में बदलिए)

ग. रीमा ने उपहार लिया और भाई को दिखाने चली गई। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. मैंने देखा कि सभी अपना काम कर रहे थे। (उपवाक्य का भेद लिखिए)

प्र.3 निर्देशानुसार वाच्य बदलिए - 1×4=4

क. वह तेज नहीं दौड़ सकता। (भाववाच्य में बदलिए)

ख. अध्यापक पढ़ा रहे हैं। (कर्मवाच्य में बदलिए)

ग. वैज्ञानिकों द्वारा नित नए अविष्कार किए जाते हैं। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

घ. मुझसे उठा नहीं जाता। (वाच्य की पहचान करके लिखिए)

प्र.4 रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए - 1×4=4

क. <u>तुम</u> अपना काम करो।

ख. वह <u>खेल</u> रहा है।

ग. <u>हिमालय</u> विश्व की सबसे बड़ी पर्वत-श्रृंखला है।

घ. फूल <u>सुंदर</u> दिखते हैं।

प्र.5 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - 1×4=4

क. 'रौद्र रस' का स्थायी भाव क्या है?

ख. 'रति' किस रस का स्थायी भाव है?

ग. 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए।

घ. यशोदा हरि पालनै झुलावै, हलरावै दुलराइ मल्हावै, जोई-सोई गावै।

(रस की पहचान कर लिखिए;



WWW.TAYARIONLINE.COM
Scanned with CamScanner

## खण्ड-ग

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक)

प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - 6

फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे जिसके बड़े फ़ादर बुल्के थे। हमारे हँसी-मज़ाक में वह निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते। मुझे अपना बच्चा और फ़ादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना याद आता है और नीली आँखों की चमक में तैरता वात्सल्य भी-जैसे किसी ऊँचाई पर देवदारु की छाया में खड़े हों।

क. फ़ादर को देखने और बात करने पर कैसा अनुभव होता था? 2

ख. लेखक ने फ़ादर के किन-किन स्वभावों को याद किया है? 2

ग. फ़ादर के वात्सल्य को लेखक ने कब महसूस किया? 2

प्र.7 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - 2×4=8

क. नेताजी की मूर्ति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?

ख. साधु न होते हुए भी बालगोबिन भगत स्वभाव से साधु थे, कैसे?

ग. लेखक ने फ़ादर को 'देवदार की छाया' क्यों कहा है?

घ. 'एक कहानी यह भी' पाठ में लेखिका का अपने पिता से विचार ना मिलने का क्या कारण था?

ङ शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?



WWW.TAYARIONLINE.COM

Scanned with CamScanner

प्र.8 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - 6

कितना प्रमाणिक था उसका दुख
लड़की को दान में देते वक्त
जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो
लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
की उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुंधले प्रकाश की
कुछ तर्कों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

क. माँ के दु:ख का क्या कारण था? 2

ख. लड़की को अंतिम पूँजी क्यों कहा गया है? 2

ग. 'दुख बाँचना नहीं आता था' से कवि का क्या आशय है? 2

प्र.9 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - 2×4=8

क. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

ख. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई?

ग. 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?

घ. कवि छाया छूने से मना क्यों करते हैं?

ङ 'संगतकार' से आप क्या समझते हैं?



WWW.TAYARIONLINE.COM

Scanned with CamScanner

प्र.10 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए - 3×2=6

क. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में प्रकृति के विराट स्वरूप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती है?

ख. 'माता का अँचल' पाठ में आए ऐसे प्रसंगों का वर्णन कीजिए जो आपके दिल को छू गए हों।

ग. नाक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा का द्योतक है। 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में यह बात किस तरह उभरकर सामने आई है?

## खण्ड-घ

### (रचनात्मक लेखन)

प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए - 10

क. भ्रष्टाचार: एक अभिशाप

प्रस्तावना

भ्रष्टाचार का स्वरूप

समाज और राष्ट्र के लिए घातक

उपसंहार

ख. जल संरक्षण: आज की आवश्यकता

प्रस्तावना

जल संरक्षण से अभिप्राय और महत्त्व

जल संरक्षण के उपाय

उपसंहार



WWW.TAYARIONLINE.COM

Scanned with CamScanner

ग. मनोरंजन के आधुनिक साधन

प्रस्तावना

पारंपरिक और आधुनिक साधन

बदलता स्वरूप

उपसंहार

प्र.12 अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों से हो रही परेशानियों की शिकायत करते हुए थाना-प्रभारी को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

अथवा

व्यायाम करने की सलाह देते हुए भाई को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्र.13 किसी एक विषय पर 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए - 5

पटाखे न जलाएँ

अथवा

'अपना मन-पसंद साबुन'

WWW.TAYARIONLINE.COM



Scanned with CamScanner